
सतना | शनिवार | 08 नवंबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 066 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navbharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 पंजाब में पराली जलाने की दर में अभूतपूर्व कमी : केजरीवाल


6 वंदे मातरम्- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा


7 अर्थव्यवस्था में वित्तीय स्थिरता जरूरी : गवर्नर


8 महेन्द्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में खेलेंगे

## एक नजर में



### एचएएल को तेजस के लिए मिलेंगे 113 ईंजन

**नयी दिल्ली.** भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े की रीढ माने जाने वाले मिग-21 की विदाई के बाद लड़ाकू विमानों की कमी को पूरा करने के लिए चल रही कवायद के बीच भारत और अमेरिका ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एलसीए एमके1ए के लिए इंजनों की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता तेजस विमान को बना रहे भारत के रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिका की मेसर्स जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के बीच हुआ है। इसके तहत एचएएल को 113 एफ 404 जीई आईएन -20 इंजनों की आपूर्ति की जाएगी। एचएएल ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने 7 नवंबर 2025 को मेसर्स जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी, अमेरिका के साथ 113 एफ404-जीई-आईएन 20 इंजनों की आपूर्ति और 97 एलसीए एमके1ए कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए सहायता पैकेज के लिए एक समझौता किया है।

### आज मोदी चार नई वंदे ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि ये नयी ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी. पीएम मोदी शनिवार सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी में एक समारोह के दौरान वाराणसी-खजुराहो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. अन्य तीन ट्रेनों को वह वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. पीएमओ ने बताया कि यह विश्वस्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को आसान, तेज और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक और मील का पत्थर है.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
asianpaints
Asian Putty | JK WALL PUTTY
INDIGO PUTTY
पाएं ब्रांड भी- सस्ता भी
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368

### निरंतर प्रगति कर रहा है क्वॉड : भारत

**नयी दिल्ली.** भारत ने कहा है कि भारत, आस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान की सदस्यता वाला क्वॉड समूह निरंतर प्रगति कर रहा है और भारत इसे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखता है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां क्वाड समूह की भारत की मेजबानी में बैठक की संभावनाओं से जुड़े सवालों के जवाब में यह बात कही.

## गुस्ताखी माफ




# विभाजनकारी सोच खतरनाक

## कांग्रेस का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोला बड़ा हमला

**नई दिल्ली , 07 नवंबर. ( वार्ता ) राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर स्मरणोत्सव समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक स्मारक सिक्का तथा स्मारक डाक टिकट जारी किया और वंदे मातरम को समर्पित पोर्टल की भी शुरूआत की. इसी के साथ केन्द्र सरकार ने साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की घोषणा की है. ये कार्यक्रम अगले एक वर्ष तक पांच चरणों में आयोजित किए जाएंगे.**



प्रधानमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि एक विभाजनकारी सोच ने 1937 में राष्ट्र निर्माण के महामंत्र वंदे मातरम के कुछ अंशों को निकालकर तोड़ दिया था और वंदे मातरम के इस विभाजन ने देश के विभाजन के भी बीज बो दिए थे. उन्होंने देशवासियों विशेष रूप से युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि यह विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है और इससे सावधान रहने की जरूरत है.


मोदी ने आजादी से लेकर अब तक वंदे मातरम की देश निर्माण में महत्वपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वंदे मातरम से जुड़ा एक और विषय है, जिसकी चर्चा करना उतना ही आवश्यक है. उन्होंने कहा आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था. लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को ,उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था. वंदे मातरम को तोड़ दिया गया था . उसके टुकड़े किए गए थे. वंदे मातरम के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बो दिए थे. राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ यह अन्याय क्यों हुआ. ये आज की पीढ़ी को भी जानना जरूरी है, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच देश के लिए आज भी चुनौती बनी हुई है. उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सब को मिलकर इस सदी को भारत की सदी बनाना है. उन्होंने कहा, यह सामर्थ्य भारत में है. हमें इसके लिए खुद पर विश्वास करना है.

उन्होंने नकारात्मक सोच वाले लोगों से सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि इनकी शंका पैदा करने की कोशिश को नाकाम करना होगा. उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच वाले लोग शंका पैदा करने की कोशिश करेंगे. इस सोच से निपटने के लिए हमें आनंदमठ के प्रकरण को ध्यान में रखकर कदम उठाना होगा. उन्होंने कहा कि भारत माता की 140 करोड़ संतान और उनकी 280 करोड़ भुजाएं हैं . हमारे लिए कुछ भी असंभव नहीं है. आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करना सबका संकल्प होना चाहिए.

### प्रदेश में लोग जंगलराज की वापसी नहीं चाहते हैं : मोदी

**औरंगाबाद/भभुआ, 07 नवंबर (वार्ता).** बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने औरंगाबाद और भभुआ में चुनावी सभा को संबोधित किया. पीएम ने औरंगाबाद में कहा कि पहले चरण में हुए करीब 65 प्रतिशत मतदान और उसमें महिलाओं तथा युवाओं की भारी भागीदारी बता रही है कि लोग प्रदेश में जंगलराज की वापसी नहीं चाहते हैं . उन्होंने कहा कि औरंगाबाद त्याग और बलिदान की भूमि है और इस मिट्टी ने अनुग्रह बाबू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को जन्म दिया है . दशरथ मांझी इसी इलाके से थे, जो बताता है कि यहां के लोग कितने मेहनती होते हैं . पीएम ने ने कहा कि बिहार में पहले चरण का मतदान सम्पन्न हुआ और जनता के उत्साह ने पिछले सारे कीर्तिमान तोड़ दिए हैं . उन्होंने कहा कि बिहार के इतिहास का यह अब तक का सबसे ज्यादा प्रतिशत भागीदारी वाला मतदान है .

# विस अध्यक्ष तोमर और विधायक सप्रे को नोटिस





**जबलपुर। कांग्रेस से चुनाव जीतने के बाद भाजपा का दामन थामने वाली बीना विधायक निर्मला सप्रे की विधायकी निरस्त नहीं किए जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया है कि उन्होंने दल बदल करने वाली महिला विधायक की विधानसभा सदस्यता निरस्त करने की मांग करते हुए 16 माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष याचिका प्रस्तुत की थी.**

विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी याचिका पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है. याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने विधानसभा अध्यक्ष तथा महिला विधायक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि बीना विधानसभा से निर्मला सप्रे ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी. विधायक बनने के बाद निर्मला सप्रे ने कांग्रेस की सदस्यता त्याग कर भाजपा का दामन थाम लिया था. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण भी कर ली थी.

उन्होंने मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष निर्मला सप्रे की विधायकी को निरस्त करने याचिका प्रस्तुत की थी. याचिका प्रस्तुत किए 16 माह का समय गुजर गया है, लेकिन सभापति नरेंद्र सिंह तोमर अभी तक उसका निराकरण नहीं किया है, जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गई है.

# वोट चोरी की भाजपा कर रही है साजिश



**बांका, 07 नवंबर ( वार्ता ) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमरपुर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) और चुनाव आयोग पर तीखे आरोप लगाए. और कहा है कि, मुझे पता चला है कि भाजपा के नेता पहले दिल्ली में और फिर बिहार में मतदान कर रहे हैं.**

उन्होंने दावा किया कि यह एक संगठित साजिश है, जिसका मकसद कांग्रेस के मतदाताओं, विशेषकर गरीबों, अल्पसंख्यकों, दलितों और अति- पिछड़ों के नाम मतदाता सूची से हटाकर वोट चोरी करना है.

राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुरा लिया था. वहां की मतदाता सूची से कांग्रेस मतदाताओं के नाम काट दिए गए थे. ऐसा भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा में भी किया था और यही प्रयास बिहार में भी आजमाया जा रहा है.

### मंत्री के बेटे को दलितों की जमीन कौड़ियों में बेची : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने बीजेपी को दलित विरोधी करार देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के एक प्रभावशाली मंत्री के बेटे को दलितों के लिए आरक्षित सरकारी जमीन कौड़ियों के भाव बेची जाती है लेकिन मोदी इस पर कुछ नहीं बोलते .

# दिल्ली एयरपोर्ट पर एटीसी सिस्टम फेल

**1 हजार से ज्यादा उड़ानें प्रभावित**

**40 एयरपोर्ट्स पर शुक्रवार से फ्लाइट में 10% कटौती**



**नई दिल्ली, 07 नवम्बर . देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को अचानक हड़कंप मच गया, जब हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खराबी आने से उड़ान संचालन प्रभावित हो गया.**

इस वजह से एक हजार से ज्यादा उड़ानें देरी या रद्द करनी पड़ीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गई और कई लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने में असमर्थ रहे. सूत्रों के अनुसार, एटीसी के ऑटोमेटेड मैसेजिंग सिस्टम में सॉफ्टवेयर गड़बड़ी हुई, जो विमान और एयर ट्रैफिक सर्विस के बीच संचार का मुख्य माध्यम है. इस तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों के प्लान और रूट को मैनुअल रूप से नियंत्रित करना पड़ा.

### अमेरिका में शटडाउन से हवाई यात्रा प्रभावित

**वॉशिंगटन, 07 नवंबर.** अमेरिकी सरकार के लंबे वक्त से चले आ रहे शटडाउन के कारण न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, शिकागो समेत 40 व्यस्त एयरपोर्ट्स पर शुक्रवार से फ्लाइट में 10 प्रतिशत की कटौती की जाएगी. संघीय विमानन प्रशासन ने ये जानकारी दी. उन्होंने कहा कि ये कदम एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स पर दबाव कम करने और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उठाया गया है . कंट्रोलर्स बिना वेतन के काम कर रहे हैं और बीमार होने की रिपोर्ट दे रहे हैं .

# फर्जी बैंक गारंटी घोटाले में ईडी की तीसरी गिरफ्तारी

- प्रवर्तन निदेशालय ने की कार्रवाई
- 768 करोड़ रुपए से अधिक की जाली बैंक गारंटी

**नई दिल्ली, 07 नवंबर. धन शोधन निवारण अधिनियम ( पीएमएलए ) के तहत प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने गुरुवार को फर्जी बैंक गारंटी मामले में तीसरी गिरफ्तारी की. अमरनाथ दत्ता नामक आरोपी को गिरफ्तार कर नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04 ने उन्हें 10 नवंबर तक चार दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया.**

पूरा मामला रिलायंस पावर लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड से जुड़ा है. इसने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 768 करोड़ रुपए से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी समर्थन और स्ट्रक्चर फाइनेंस मेसेजिंग सिस्टम (एसएफएमएस) पुष्टिकरण जमा कराए थे. इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसईसीआई को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ.

# स्कूल, अस्पताल से आवारा कुत्ते हटाएं

- आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश
- जानवरों को हटाने के लिए कई निर्देश जारी



**नई दिल्ली , 07 नवंबर. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मामले में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है. कोर्ट ने प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से बचाने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों व अन्य जानवरों को हटाने के लिए कई निर्देश जारी किए.**

देश भर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन मामले पर स्वत: संज्ञान मामले न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की. इस दौरान उन्होंने आदेश दिया कि आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर उचित बाड़ लगाई जाए. न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्थानीय नगर निकायों को ऐसे परिसरों की नियमित तौर पर निगरानी करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023 के तहत अनिवार्य टीकाकरण और नसबंदी के बाद जानवरों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया. शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इन सार्वजनिक स्थानों से हटाए गए कुत्तों को उसी स्थान पर वापस नहीं लाया जाना चाहिए. साथ ही कोर्ट ने समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजमार्गों से आवारा पशुओं और अन्य जानवरों को तुरंत हटाने का भी आदेश दिया.

# क्रिकेटर शमी की पत्नी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

- कहा- क्या हर महीने चार लाख रुपए काफी नहीं
- दस लाख के गुजारा भत्ता दिए जाने की मांग की



**नई दिल्ली , 07 नवंबर.** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है. कोर्ट ने हसीन जहां से कहा- क्या 4 लाख की रकम पर्याप्त नहीं है? कलकत्ता हाईकोर्ट ने शमी को 2.5 लाख बेटी और 1.5 लाख पत्नी को गुजारे भत्ते के रूप में देने का आदेश दिया था। इस पर हसीन जहां ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। बता दें कि टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपने लिए और अपनी बेटी के लिए हर महीने चार लाख रुपये के बजाए दस लाख के गुजारा भत्ता दिए जाने की मांग की है।

**खिलाड़ी का सम्मान** | भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जबलपुर में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

# क्रांति गौड़ को एक करोड़ रुपए देगी सरकार

**( प्रशासनिक संवाददाता ) भोपाल, 7 नवंबर . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप-2025 जीतकर पूरी दुनिया में भारत का परचम लहराया है.**




छतरपुर जिले के घुवारा की तेज गेंदबाज क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने देश-दुनिया में मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है. कठिन परिस्थितियों, संसाधनों की कमी और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद परिश्रम और दृढ़ संकल्प के आधार पर क्रांति ने यह मुकाम हासिल किया. क्रिकेटर क्रांति गौड़ केवल प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की बेटियों के लिए प्रेरणा है. भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जबलपुर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में क्रिकेटर क्रांति गौड़ का सम्मान किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए छतरपुर में नया क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा भी की. उन्होंने कहा कि क्रिकेटर क्रांति गौड़ के पिता की बहाली के लिए अपील करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड कप 2025 की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी और तेज गेंदबाज क्रिकेटर क्रांति गौड़ के मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह में यह विचार व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रिकेटर क्रांति गौड़ के आगमन पर पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रिकेटर क्रांति के माता-पिता मुन्ना सिंह गौड़ तथा श्रीमती नीलम सिंह गौड़ और कोच राजीव बिरथरे को अंगवस्त्रम और पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किए. अभिनंदन समारोह में मप्र खेल अकादमी की बालिकाओं ने क्रिकेटर क्रांति गौड़ से संवाद किया.

## किसानों को प्रति क्विंटल1300 रुपये

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 नवंबर.** प्रदेश के सोयाबीन किसानों के लिये राहत भरी खबर है . प्रदेश में शुक्रवार को भावांतर योजना के तहत सोयाबीन के लिये मॉडल रेट तय कर दिया गया है . योजना के तहत प्रति क्विंटल 4 हजार रुपये तय किया गया है . इससे अब किसानों को प्रति क्विंटल किसानों को 1300 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे. जिससे कि किसानों को एमएसपी के बराबर मूल्य मिल सके. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस मामले में कुशाभाऊ ठाकरे सभागर में मीडिया में चर्चा के दौरान इस संबंध में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और उनके कल्याण के लिए संकल्पित है. सीएम ने कहा कि भावान्तर योजना में सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4,000 रुपए से अधिक तय किया गया है . प्रदेश के अन्नदाताओं को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अतिरिक्त 1300 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे . आगामी 13 नवंबर को सोयाबीन उत्पादक किसानों को इसका लाभ वितरित किया जाएगा . यहां बता दें कि सोयाबीन का एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपये तय किया गया है, लेकिन प्रदेश की ज्यादातर मंडियों में किसानों को एमएसपी से कम ही रेट मिल रहा है . कई स्थानों पर तो रेट 3 हजार रुपये प्रति क्विंटल से भी कम रहा .

### भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा में 240 फिल्मों का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, 07 नवम्बर ( वार्ता ).** 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) गोवा में 20 से 28 नवम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें 81 देशों की करीब 240 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी. इस वर्ष 3000 से अधिक प्रविष्टियां मिलीं. सर्वश्रेष्ठ स्वर्ण मयूर और रजत मयूर पुरस्कारों के लिए मराठी फिल्म गोंधल और तमिल फिल्म अमरन सहित 15 फिल्मों में प्रतिस्पर्धा होगी. समारोह में जापान, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भागीदार देश हैं. सूचना राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति की भावना के अनुरूप 50 महिला निर्देशकों की फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी.